Rapid Fire 23-24 December

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-24-12-2018

- **24 दिसंबर**: राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस (National Consumer Day); उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध निपटान (Timely Disposal of Consumer Complaints) है इस वर्ष की थीम; 1986 में इसी दिन उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम को मिली थी राष्ट्रपति की मंज़ूरी; त्रुटिपूर्ण वस्तुओं, सेवाओं में कमी तथा अनुचित व्यापार प्रचलनों जैसे विभिन्न प्रकार के शोषणों के खिलाफ उपभोक्ताओं को सुरक्षा उपलब्ध कराना है उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य
- दिल्ली के विज्ञान भवन में 22 दिसंबर को हुई GST Council की 31वीं बैठक; आम उपयोग की 23 वस्तुओं और सेवाओं पर GST दर में की गई कमी; 5,500 करोड़ रुपए कम मिलेगा राजस्व; प्राथमिक बचत खातों, प्रधानमंत्री जनधन योजना के खातों पर दी जाने वाली सेवाएँ GST से मुक्त; एक केंद्रीकृत अग्रिम निर्णय प्राधिकरण गठित करने के प्रस्ताव पर बनी सहमति
- रिज़र्व बैंक ने डिजिटल पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री बनाने के लिये TCS, विप्रो व आईबीएम इंडिया समेत छह प्रमुख कंपनियों को चुना है; इनमें कैपजेमिनी टेक्नोलॉजी सर्विसेज इंडिया, डन एंड ब्रैडशीट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज इंडिया व माइंडट्री लिमिटेड भी शामिल हैं; इस रजिस्ट्री में सेबी, कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय, GST नेटवर्क व भारतीय दिवालिया एवं दिवालियापन बोर्ड जैसे संगठनों का डाटा भी शामिल होगा; यह कदम सभी कर्ज़दारों तथा विलफुल डिफॉल्टर्स की जानकारी पाने के उद्देश्य से उठाया है
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ललितगिरि, ओडिशा में बौद्ध पुरातत्त्व संग्रहालय का किया उद्घाटन; पाइक विद्रोह के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया; पाइक समुदाय ने भगवान जगन्नाथ को ओडिशा की एकता का प्रतीक मानकर बख्शी जगबंधु के नेतृत्व में 1817 में शुरू किया था पाइक विद्रोह; इस विद्रोह की स्मृति में उत्कल यूनिवर्सिटी में एक पीठ (Chair) की स्थापना की जाएगी; ओडिशा में इस विद्रोह को आज़ादी के संग्राम का दर्जा दिया जाता है
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गुजरात के केवडिया में DGP-IGP सम्मेलन में राष्ट्रीय अखण्डता के लिये वार्षिक तौर पर सरदार पटेल पुरस्कार देने की घोषणा की; यह पुरस्कार राष्ट्रीय एकीकरण को प्रोत्साहन देने के लिये किये गए असाधारण प्रयासों हेतु दिया जाएगा; साथ ही प्रधानमंत्री ने साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर की वेबसाइट भी लॉन्च की
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तेलंगाना के करीमनगर में Sickle Cell Anaemia, Thalassemia and Other Genetic Blood Disorders के उपचार के लिये Centre of Excellence का उद्घाटन किया; इससे समग्र स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के बीच स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का समाधान करने में आसानी होगी
- रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने सूचना प्रबंधन और विश्लेषण केंद्र (IMC) गुरुग्राम में सूचना समेकन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (Information Fusion Centre–Indian Ocean Region-IFC-IOR) की शुरुआत की; यह एक सहयोगी व्यवस्था है जो भागीदारों, देशों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिये मिलकर काम करेगा

- हरियाणा का गुरुग्राम बना देश का पहला ODF+ शहर; नए ODF+ प्रोटोकॉल के अनुसार किसी शहर, वार्ड या कार्यक्षेत्र को ODF+ तभी घोषित किया जा सकता है, जब दिन के किसी भी समय, एक भी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच या मूत्रत्याग न किया जाता हो; साथ ही सभी सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय वर्किंग कंडीशन में हों और उनकी बेहतर तरीके से देख-रेख की गई हो
- झारखंड के मुख्यमंत्री रघुबर दास ने शुरू की मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना; इसके तहत राज्य में हर किसान को प्रति एकड़ 5000 रुपए दिये जाएंगे; एक एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को भी इतनी ही राशि दी जाएगी; यह योजना और राशि केवल खरीफ फसल के लिये लागू होगी; यह राशि सीधे किसानों के खाते में पहुँचेगी और उन्हें खाद तथा बीज के लिये किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा; किसानों को यह राशि फसल उत्पादन के बाद लौटानी नहीं होगी
- हाल ही में भाजपा सांसद वरुण गांधी द्वारा लिखित पुस्तक 'रूरल मेनिफेस्टो' का बंगलूरु में विमोचन हुआ; यह पुस्तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान देने के लिये विकास नीति में संभावित समाधान सुझाती है; इसके अलावा यह पुस्तक भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लगभग सभी पहलुओं की जानकारी भी देती है
- जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत बना दुनिया का सातवाँ सबसे बड़ा शेयर बाज़ार; 'ब्लूमबर्ग' के आँकड़ों के मुताबिक, सात वर्षों में पहली बार भारतीय शेयर बाज़ार ने यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के शेयर बाजार को पछाड़ा है; अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर, फेडरल रिज़र्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चुनौती के बावजूद भारत ने यह मुकाम हासिल किया है; विश्व बैंक के मुताबिक, जर्मनी की GDP में निर्यात का योगदान 38% है, जबकि भारत में यह केवल 11% है
- इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने के बाद सुंडा की खाड़ी (Sunda Strait) में आई सुनामी में जान-माल का नुकसान हुआ है; अब तक सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं तथा बड़ी संख्या में हताहत भी हुए हैं; सुंडा की खाड़ी के दोनों तरफ जावा और सुमात्रा के तटीय इलाकों में अचानक आई सुनामी; अनुमान है कि इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में माउंट सोपुतान ज्वालामुखी फटने के बाद समुद्र के भीतर हुए भूस्खलन की वज़ह से सुनामी आई
- साइकिल से 159 दिनों में 29 हजार किलोमीटर सफर तय कर कोलकाता पहुंची पुणे की वेदांगी कुलकर्णी दुनिया का चक्कर लगाने वाली सबसे तेज एशियाई महिला बनीं; उनका यह सफर ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से शुरू हुआ था और पर्थ में ही खत्म होगा; ब्रिटेन के बॉउर्नेमाउथ यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की स्टूडेंट हैं वेदांगी; अपने इस साइकिल सफर में वह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, आइसलैंड, पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, बेल्जियम, जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड और रूस होकर गुजरीं